फा.सं. 7-2/(आरटीआई)/2019-एसडीडीएस-ईएस

भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)

अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय

(एसडीडीएस प्रभाग)

539, कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक:- 6 अप्रैल, 2022

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन।

कृपया आरटीआई सेल के माध्यम से दिनांक 01.04.2022 को प्राप्त आपके दिनांक 31.03.2022 के आरटीआई आवेदन जिसकी पंजीयन संख्या डीओईएएस/आर/टी/22/00032, डीओईएएस/आर/टी/22/00033, डीओईएएस/आर/टी/22/00034, डीओईएएस/आर/टी/22/00035 है, का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रथम संलग्नक में मद 1 से मद 32 तक और दूसरे संलग्नक में मद 1 से 16 के संबंध में सूचना मांगी गई है। इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि केवल मद 9 में मांगी गई सूचना ही इस प्रभाग से आंशिक रूप से संबंधित है जो कि देश में कृषि योग्य भूमि है।

2. इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय (डीईएस) का एसडीडीएस प्रभाग जिला-वार/राज्य-वार भू-उपयोग सांख्यिकी (एलयूएस), जिसके तीन भाग होते हैं अर्थात् (i) भू-उपयोग वर्गीकरण, (ii) सिंचित क्षेत्र (फसल-वार और स्रोत-वार) और (iii) फसलों के अधीन क्षेत्र, का देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए नामित राज्य कृषि सांख्यिकी प्राधिकारियों (एसएएसए) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर संकलन और प्रकाशन करता है। इन सभी तीन भागों पर संकलित सूचना "भू- उपयोग सांख्यिकी - एक झलक" शीर्षक से वार्षिक प्रकाशन के माध्यम से जारी की जाती है जिसमें 10 वर्षों के राज्य-वार/अखिल भारतीय आकड़ें संकलित होते हैं और इसे यूआरएल https://eands.dacnet.nic.in/LUS_1999_2004.htm पर देखा जा सकता है। नवीनतम एलयूएस प्रकाशन के अनुसार, आवेदक द्वारा कृषि भूमि/कृषि योग्य भूमि पर मांगी गई सूचना वर्ष 2018-19 के लिए 1,80,888 हजार हैक्टेयर है। इसके अलावा, आवेदक द्वारा अन्य पहलुओं पर मांगी गई सूचना का रख-रखाव इस प्रभाग द्वारा नहीं किया जाता है।

3. इस सूचना के विरूध्द प्रथम अपील, यदि कोई हो तो, प्रथम अपीलिय प्राधिकारी, पी. संगीत कुमार, सलाहकार और अपीलिय प्राधिकारी, कमरा सं. 445-ए, कृषि भवन, नई दिल्ली (ई-मेल:-adviser.sdds-agri@nic.in, दूरभाष संख्या 011-23382236) को सूचना प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर की जा सकती हैं।

रूचि शर्मा

(रूचि शर्मा)
उप निदेशक (एसडीडीएस)

सेवा में,

श्री शिव राज सिंह,
ग्राम- नजरपुर, नाईपूरा
पी.ओ. रजबपुर, जिला- अमरोहा
उत्तर प्रदेश

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. श्री अनुराग भटनागर, सीपीआईओ, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001
2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कमरा संख्या 341, कृषि भवन, नई दिल्ली।